विषय/Subject : सामाजिक विज्ञान / Social Science

प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

विषय कोड **05**

5365701

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 32 | बुकलेट सीरीज **A** |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 150 | |
| समय / Time : 10.00 a.m. to 12.30 p.m. | |

2.30 घंटे / 2.30 Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS / निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है ।
6. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित सभी गोले या बबल को खाली छोड़ने पर गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
7. प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही सीरीज अंकित है जो उत्तर-पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न-पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न-पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पत्र का ही कोड अंकित किया गया है। किसी भी स्थिति में बाद में कोई परिवर्तन नहीं करें, अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा किये गये परिवर्तन की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी । यदि विशेष परिस्थिति में प्रश्न-पत्र से भिन्न सीरीज का उत्तर-पत्रक प्राप्त हो गया है और उस सीरीज का दूसरा उत्तर-पत्रक उपलब्ध नहीं है, तो वीक्षक से उत्तर-पत्रक के पृष्ठ भाग पर इसका अंकन कर हस्ताक्षर अवश्य करवा लें, अन्यथा उसे रद्द भी किया जा सकता हैं।
9. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।



adda247

1 निम्नलिखित स्थलों में से कौन से स्थल अब पाकिस्तान में स्थित हैं ?

(1) मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, दैमाबाद, रोपड़

(2) हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, आलमगीरपुर, माण्डा

(3) हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, रहमानढ़ेरी, चन्हुदड़ो

(4) मोहनजोदड़ो, रंगपुर, सुरकोटड़ा, कोटदीजी

2 वैदिक साहित्य में 'सभा' और 'समिति' के अलावा *विदथ* नामक संस्था का उल्लेख आता है। कहा गया है कि स्त्रियाँ भी सभा और *विदथ* में भाग लेती थीं। किस वेद में *विदथ* का उल्लेख सर्वप्रथम आया है ?

(1) ऋग्वेद

(2) यजुर्वेद

(3) सामवेद

(4) अथर्ववेद

3 प्रतीत्यसमुत्पाद निम्नलिखित में से किस धार्मिक सम्प्रदाय का आधारभूत सिद्धांत है ?

(1) वैष्णव

(2) शैव

(3) बौद्ध

(4) जैन

4 वह कौन सा मौर्य सम्राट था जिसने जैन धर्म अंगीकार किया था ?

(1) अशोक

(2) बिन्दुसार

(3) चन्द्रगुप्त

(4) किसी भी मौर्य सम्राट ने जैन धर्म अंगीकार नहीं किया था

5 16 महाजनपदों की सूची किस बौद्ध ग्रन्थ में मिलती है ?

(1) त्रिपिटक

(2) अंगुत्तर निकाय

(3) ललितविस्तर

(4) दीपवंश



adda247

6 अशोक के खरोष्ठी में लिपिबद्ध अभिलेख प्राप्त हुए हैं

(1) तक्षशिला

(2) शहबाज़गढ़ी व मानसेहरा

(3) जूनागढ़

(4) काश्मीर

7 सुदर्शन झील का पुनरुद्धार किस गुप्त शासक के शासनकाल में हुआ था?

(1) कुमारगुप्त

(2) स्कन्दगुप्त

(3) चन्द्रगुप्त प्रथम

(4) चन्द्रगुप्त द्वितीय

8 निम्नलिखित में से गुप्त शासकों का कालक्रमानुसार शासनानुक्रम सही है

(1) समुद्रगुप्त, कुमारगुप्त प्रथम, कुमारगुप्त द्वितीय, स्कन्दगुप्त, चन्द्रगुप्त प्रथम

(2) चन्द्रगुप्त प्रथम, चन्द्रगुप्त द्वितीय, समुद्रगुप्त, कुमारगुप्त प्रथम, स्कन्दगुप्त

(3) समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त प्रथम, चन्द्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त प्रथम, स्कन्दगुप्त

(4) चन्द्रगुप्त प्रथम, समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त प्रथम, स्कन्दगुप्त

9 निम्नलिखित में से सत्य कथन पहचानिये

(1) रामानुजाचार्य ने 'अद्वैत', शंकराचार्य ने 'विशिष्टाद्वैत', निम्बार्क ने 'द्वैत', मध्व ने 'द्वैताद्वैत' का प्रतिपादन किया था।

(2) रामानुजाचार्य ने 'द्वैत', शंकराचार्य ने 'द्वैताद्वैत', निम्बार्क ने 'अद्वैत', मध्व ने 'विशिष्टाद्वैत' का प्रतिपादन किया था।

(3) रामानुजाचार्य ने 'विशिष्टाद्वैत', शंकराचार्य ने 'अद्वैत', निम्बार्क ने 'द्वैताद्वैत', मध्व ने 'द्वैत' का प्रतिपादन किया था।

(4) रामानुजाचार्य ने 'द्वैताद्वैत', शंकराचार्य ने 'द्वैत', निम्बार्क ने 'विशिष्टाद्वैत', मध्व ने 'अद्वैत' का प्रतिपादन किया था।

10 आलवार किस भक्तिधारा के संत थे?

(1) वैष्णव

(2) शैव

(3) शाक्त

(4) निर्गुण

11 निम्नलिखित में से किस सूफी संत ने अपने जीवनकाल में सात सुल्तानों का शासनकाल देखा था ?

(1) सलीम चिश्ती

(2) मोइनुद्दीन चिश्ती

(3) निज़ामुद्दीन औलिया

(4) कुतुबुद्दीन बख़्तियार काकी

12 भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक कौन माना जाता है ?

(1) बाबर

(2) हुमायूँ

(3) शेरशाह

(4) अकबर

13 कथन (A) : मुगल साम्राज्य में विघटन से उत्पन्न राजनीतिक रिक्तता भरने की शक्ति केवल मराठों में थी किन्तु ऐसा नहीं हो पाया।

कारण (R) : मराठों में एक अखिल भारतीय साम्राज्य बनाने के लिये आवश्यक कार्यक्रम नहीं था।

(1) (A) व (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की ठीक व्याख्या नहीं करता।

(2) (A) व (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की ठीक व्याख्या करता है।

(3) (A) गलत है और (R) सही है।

(4) (A) सही है और (R) गलत है।

adda247

14 होमरूल आन्दोलन किसके द्वारा चलाया गया था ?

(1) जवाहरलाल नेहरू

(2) लाला लाजपत राय

(3) बाल गंगाधर तिलक व एनी बिसेण्ट

(4) महात्मा गाँधी

15 चौरी–चौरा घटना के बाद असहयोग आन्दोलन को रोक देने का प्रस्ताव काँग्रेस वर्किंग कमेटी द्वारा कहाँ और कब पारित किया गया था ?

(1) 1922, कलकत्ता में

(2) 1922, बारदोली में

(3) 1923, दिल्ली में

(4) 1923, अहमदाबाद में

16 गुट निरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मेलन (1961) कहाँ हुआ था?

(1) कायरो

(2) नई दिल्ली

(3) बेलग्रेड

(4) वाशिंगटन

17 20 जून 1789 के दिन निम्नांकित में से कौन सी घटना घटित हुई थी?

(1) स्टेट्स जनरल का अधिवेशन।

(2) बास्टील दुर्ग का पतन।

(3) टेनिस कोर्ट की शपथ।

(4) लुई सोलहवें का वर्साय के महल से पलायन।

18 पेरिस शान्ति सम्मेलन (Paris Peace Conference) ने लीग आफ नेशन्स की स्थापना का प्रस्ताव कब पारित किया था?

(1) 1917 में

(2) 1918 में

(3) 1919 में

(4) 1920 में

19 1917 कि रूसी क्रांति के समय रूस का ज़ार कौन था?

(1) निकलस प्रथम

(2) निकलस द्वितीय

(3) एलेक्ज़ेण्डर प्रथम

(4) एलेक्ज़ेण्डर द्वितीय

20 पृथ्वी के घूर्णन (Rotation) का सबसे प्रमुख प्रभाव क्या होता है?

(1) ऋतु परिवर्तन

(2) दिन-रात का होना

(3) हवाओं का चलना

(4) ग्रीष्म ऋतु का लम्बा होना

adda247

21 पृथ्वी की आन्तरिक परत 'सीमा' में किन तत्वों की बहुलता होती है ?

(1) सिलिका एवं एल्यूमिनियम

(2) निकिल और लौहा

(3) सिलिका और मैग्नीशियम

(4) सिलिका और निकिल

22 वेगनर ने संयुक्त महाद्वीपीय पिण्ड को क्या नाम दिया था?

(1) पेन्जिया

(2) पैन्थालसा

(3) गौड़वानालैण्ड

(4) अंगारालैण्ड

23 सर्वाधिक भूकम्प किन क्षेत्रों में आते है?

(1) प्रशान्त महासागरीय तटीय पेटी में

(2) भूमध्यसागरीय पेटी में

(3) मध्य अटलाटिंक पेटी में

(4) मध्य महाद्वीपीय पेटी में

24 सर्वाधिक वायुदाब पाया जाता है

(1) पर्वतों पर

(2) रेगिस्तान में

(3) वन क्षेत्र में

(4) सागर तल पर

25 निम्न में से किस पवन को 'डाक्टर' की संज्ञा दी गई है?

(1) मिस्ट्रल

(2) बोरा

(3) हरमट्टान

(4) चिनूक



adda247

26 वायुमण्डल की कौन सी गैस सूर्य की पैराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?

(1) ऑक्सीजन

(2) ओजोन

(3) आर्गन

(4) कार्बन डाई आक्साइड

27 ऋतु परिवर्तन का प्रभाव किस महासागर की सामुद्रिक धाराओं पर पड़ता है?

(1) उत्तरी हिन्द महासागर

(2) दक्षिणी हिन्द महासागर

(3) प्रशान्त महासागर

(4) दक्षिणी अटलांटिक महासागर

28 दीर्घ ज्वार किन दिनों आता है?

(1) अष्टमी के दिन

(2) अमावस्या और पूर्णिमा के दिन

(3) चतुर्थी एवं अष्टमी को

(4) केवल अमावस्या को

29 वायुमण्डल में सर्वाधिक तत्व पाया जाता है।

(1) आक्सीजन का

(2) नाइट्रोजन का

(3) आर्गन का

(4) नियोन का

30 इनमें से हिमालय का दर्रा कौन सा है ?

(1) जोजीला

(2) गुलमर्ग

(3) शिवालिक

(4) काठगोदाम

adda 247

31 इनमें से कहाँ भारत में शीतकाल में वर्षा होती है?

(1) उत्तरी–पूर्वी भारत

(2) मध्य भारत

(3) दक्षिणी भारत का तमिलनाडू तट

(4) पश्चिमी घाटों पर

32 चम्बल, बेतवा, केन किसकी सहायक नदियाँ है?

(1) गंगा

(2) महानदी

(3) सतलज

(4) यमुना

33 इनमें से भारत के किस क्षेत्र में लेटेराइट मृदा पाई जाती है?

(1) उत्तरी भारत

(2) दक्षिण का पठार

(3) गंगा का मैदान

(4) मध्य भारत

34 भारत में वायुयान बनाने का पहला कारखाना कहाँ स्थापित किया गया?

(1) हैदराबाद

(2) विशाखापट्टनम

(3) बैंगलोर

(4) मंगलौर

35 इनमें से कौन सा खनन क्षेत्र राजस्थान में जस्ता–सीसा उत्पादक है?

(1) आगूचा–गुलाबपुरा

(2) खौ–दरीबा

(3) खेतड़ी

(4) डेगाना

adda247

36 राजस्थान में माल्टा का उत्पादन किस जिले में प्रमुखता से होता है?

(1) बीकानेर

(2) कोटा

(3) गंगानगर

(4) झालावाड़

37 'छप्पन का मैदान' इनमें से किन जिलों में स्थित है ?

(1) डूंगरपुर – बांसवाड़ा

(2) प्रतापगढ़ – बांसवाड़ा

(3) उदयपुर – राजसमंद

(4) चित्तोड़गढ़ – डूंगरपुर

38 राजस्थान की 2011 की अन्तरिम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार राज्य का लिंगानुपात कितना है ?

(1) 940

(2) 921

(3) 933

(4) 926

39 राष्ट्रीय प्रायः कहलाती है

(1) बाजार मूल्य पर NNP

(2) साधन लागत पर NNP

(3) बाजार मूल्य पर NDP

(4) साधन लागत पर NDP

adda247

40 यदि साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पत्ति 3000 अरब रु., स्थिर पूंजी की खपत 400 अरब रु., परोक्ष कर 500 अरब रु., सब्सिडी 300 अरब रु. तो सकल घरेलू उत्पत्ति क्या होगी ?

(1) 4200 अरब रु.

(2) 3400 अरब रु.

(3) 3600 अरब रु.

(4) 2800 अरब रु.

41 गलत समीकरण बताइए –

(1) विशुद्ध = सकल – घिसावट

(2) बाजार मूल्य = साधन लागत + विशुद्ध परोक्ष कर

(3) खर्च योग्य आयः = उपभोग व्यय + बचत

(4) साधन लागत = बाजार मूल्य – सब्सिडी

42 कीमत में वृद्धि के साथ उपभोग व्यय में वृद्धि बताती है कि संबंधित वस्तु की मांग की लोच

(1) इकाई से अधिक है

(2) इकाई से कम है

(3) इकाई के बराबर है

(4) शून्य है

43 यदि X वस्तु की स्थानापन्न वस्तु की कीमत गिरती है तो X की मांग

(1) घटेगी

(2) बढ़ेगी

(3) अपरिवर्तित रहेगी

(4) तीनों में से कोई भी संभव है

44 मांग वक्र के बायें से दायें ओर झुका होने का कारण नहीं है –

(1) घटती सीमान्त उपयोगिता

(2) आय प्रभाव

(3) प्रदर्शन प्रभाव

(4) प्रतिस्थापन प्रभाव

45 अन्य बातें स्थिर रहने पर यदि किसी वस्तु की कीमत बढ़ती है तो उसकी

(1) पूर्ति की मात्रा बढ़ेगी

(2) पूर्ति बढ़ेगी

(3) पूर्ति की मात्रा गिरेगी

(4) पूर्ति गिरेगी

46 साख विस्तार पर रोक लगाई जा सकती है –

(1) बैंक दर में वृद्धि द्वारा

(2) नकद कोष अनुपात में कमी द्वारा

(3) वैधानिक तरलता अनुपात घटा कर

(4) रेपो दर घटा कर

47 मुद्रा का प्राथमिक कार्य है –

(1) साख का आधार

(2) विनिमय का माध्यम

(3) मूल्य का संचय

(4) लेखे की इकाई

48 व्यापक मुद्रा है –

(1) M 1

(2) M 2

(3) M 3

(4) M 4

49 वह दर जिस पर व्यापारिक बैंक अल्पकाल के लिए केन्द्रीय बैंक को उधार देते हैं, कहलाती है –

(1) बैंक दर

(2) ब्याज दर

(3) रेपो दर

(4) रिवर्स रेपो दर

50 केन्द्रीय बैंक निर्धारित करता है –

(1) राजकोषीय नीति

(2) मौद्रिक नीति

(3) वाणिज्यिक नीति

(4) बजट नीति

adda247

51 'महारत्न' शब्द का संबंध है –
(1) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से
(2) सार्वजनिक क्षेत्र से
(3) सहकारी इकाईयों से
(4) निजी क्षेत्र के बड़े उद्योगों से

52 निम्नलिखित में से किस देश को भारत सर्वाधिक निर्यात करता है ?
(1) रूस
(2) जापान
(3) अमरीका
(4) जर्मनी

53 भारत के निर्यात व्यापार में प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा
(1) घट रहा है
(2) बढ़ रहा है
(3) स्थिर बना हुआ है
(4) घटता – बढ़ता रहा है

54 किस संस्था को नोट–निर्गमन का वैधानिक अधिकार प्राप्त है ?
(1) नाबार्ड
(2) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
(3) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(4) सरकार

adda247

55 WTO से आशय है –
(1) विश्व प्रशिक्षण संगठन
(2) विश्व अशुल्क संगठन
(3) विश्व परिवहन संगठन
(4) विश्व व्यापार संगठन

56 11वीं पंचवर्षीय योजना का औसत वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य है –

(1) 7.5 %

(2) 8.0 %

(3) 9.0 %

(4) 9.5 %

57 भारत में राष्ट्रीय आय संबंधी अनुमान किस संस्था द्वारा तैयार किए जाते है ?

(1) राष्ट्रीय विकास परिषद

(2) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन

(3) योजना आयोग

(4) वित्त आयोग

58 किसने राजनीति को 'मूल्यों के सत्तात्मक आबंटन' के रूप में परिभाषित किया है ?

(1) केटलिन

(2) ईस्टन

(3) डाहल

(4) आमंड

59 निम्नांकित में से कौन परम्परागत राजनीतिशास्त्री नहीं है ?

(1) सेबाइन

(2) डनिंग

(3) मेकल्विन

(4) लासवेल

60 'औचित्यपूर्ण शक्ति' कहलाती है –

(1) सत्ता

(2) प्रभाव

(3) बल

(4) छलयोजन

61 "संप्रभुता नागरिकों एवं प्रजाजन पर, कानून से अप्रतिबंधित राज्य की सर्वोच्च शक्ति है।" यह कथन किसका है ?

(1) ऑस्टिन
(2) बोदां
(3) ग्रूगी
(4) बैंथम

62 भारतीय संविधान से संघात्मक प्रणाली किस विदेशी संविधान से ग्रहण की गई है ?

(1) संयुक्त राज्य अमरीका
(2) स्विट्जरलैण्ड
(3) कनाडा
(4) जर्मनी

63 भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ सूचीबद्ध हैं ?

(1) 16
(2) 18
(3) 22
(4) 24

64 राज्यों में 'राष्ट्रपति शासन' से संबंधित भारतीय संविधान का अनुच्छेद है –

(1) अनुच्छेद 352
(2) अनुच्छेद 356
(3) अनुच्छेद 360
(4) अनुच्छेद 365

adda247

65 संविधान के अनुच्छेद 19 में वर्णित स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित कौन–सा कथन त्रुटिपूर्ण है ?

(1) इसमें छः स्वतंत्रताओं का वर्णन है।
(2) यह सभी व्यक्तियों पर लागू होती हैं।
(3) सम्पत्ति के अर्जन और धारण की स्वतंत्रता को संशोधन द्वारा इसमें से विलोपित किया गया है।
(4) इसमें व्यवसाय की स्वतंत्रता शामिल है।

66 मूल कर्तव्य में शामिल नहीं है

(1) राष्ट्रध्वज का आदर

(2) सामाजिक संस्कृति का परिरक्षण

(3) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास

(4) स्वच्छता बनाए रखना

67 किस संविधान संशोधन द्वारा 'शिक्षा का अधिकार' मूल अधिकारों में शामिल किया गया है ?

(1) 56वाँ

(2) 62वाँ

(3) 78वाँ

(4) 86वाँ

68 संघीय मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से उत्तरदायी है

(1) लोकसभा के प्रति

(2) संसद के प्रति

(3) निर्वाचन आयोग के प्रति

(4) उच्चतम न्यायालय के प्रति

69 राज्यपाल की पदावधि के संबंध में कौन सा कथन त्रुटिपूर्ण है ?

(1) उसका कार्यकाल 5 वर्ष होता है।

(2) वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपने पद पर बना रहता है।

(3) अपने उत्तराधिकारी के पदधारण तक वह अपने पद पर बना रहता है।

(4) उसे महाभियोग द्वारा पदच्युत किया जा सकता है।

70 74वे संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में कौन सी अनुसूची शामिल की गई है ?

(1) 10वीं

(2) 11वीं

(3) 12वीं

(4) 13वीं



adda247

71 उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के त्यागपत्र को किसे संसूचित करता है ?

(1) प्रधानमंत्री को

(2) भारत के न्यायाधीश को

(3) महान्यायवादी को

(4) लोकसभा–अध्यक्ष को

72 मुंबई में जनवरी, 93 में हुई साम्प्रदायिक हिंसा एवं शृंखलाबद्ध बम विस्फोटों की जाँच किस आयोग ने की ?

(1) सावंत आयोग

(2) रंगनाथ मिश्र आयोग

(3) रामास्वामी आयोग

(4) श्रीकृष्ण आयोग

73 तीस्ता नदी जल बँटवारे को लेकर किस पड़ोसी देश के साथ भारत का विवाद है?

(1) नेपाल

(2) बांग्लादेश

(3) भूटान

(4) चीन

74 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की स्थाई सदस्यता के लिए भारत ने किस समूह का गठन किया है ?

(1) जी–4

(2) आई बी एस ए

(3) बिम्सटेक

(4) ब्रिक

75 यूरोपीय संघ का निर्माण किस संधि द्वारा हुआ ?

(1) डनकर्क

(2) मराकेश

(3) मॉस्ट्रिच

(4) ब्रेटनवुड्स

adda247

76 निम्नलिखित में से कौन–सा एक कारक समाजशास्त्र की उत्पत्ति से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) फ्रांस की राज्य क्रान्ति

(2) औद्योगिक क्रान्ति

(3) रूस की समाजवादी क्रान्ति

(4) सामन्तवाद का युरोप में पतन

77 निम्नलिखित में से कौन–सा तत्व दुरखाइम की दृष्टि में सामाजिक तथ्य की विशेषता नहीं है ?

(1) वाह्यता

(2) बाध्यता

(3) सामान्यता

(4) वस्तुपरकता

78 उस समाजशास्त्री का नाम बतायें जिन्होंने 'सामाजिक स्थितिशास्त्र' (सोश्यल स्टेटिक्स) एवं सामाजिक गतिकी (सोश्यल डायनामिक्स) को समाजशास्त्र की परिभाषा का आधार बनाया :

(1) आगस्त कोंत

(2) हरबर्ट स्पेन्सर

(3) मैक्स वेबर

(4) आर. के. मर्टन

79 निम्नलिखित में से कौन–सी विशेषता संस्था की अवधारणा से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) नियम एवं कार्यप्रणाली की जटिलता

(2) व्यक्तियों की सदस्यता

(3) अमूर्तता

(4) तुलनात्मक रूप से दीर्घकालिकता

80 निम्नलिखित में से कौन सामाजिक समूह का उदाहरण है ?

(1) विवाह

(2) परिवार

(3) संविधान

(4) प्रशासनतन्त्र



adda247

81 निम्नलिखित पुस्तकों का उनके सम्बन्धित लेखकों के नाम के साथ मिलान करें एवं सही क्रम को चिन्हित करें :

| | |
|---|---|
| (i) ह्यूमैन सोसायटी | (क) किंग्सले डेविस |
| (ii) सोश्यल चेन्ज इन इण्डिया | (ख) योगेन्द्र सिंह |
| (iii) व्हाट इज सोश्यालजी | (ग) एलेक्स इंकल्स |
| (iv) रुल्स ऑफ सोश्यालजिकल मैथड | (घ) एमील दुरखाइम |

(1) (i - क), (ii - ख), (iii - ग), (iv - घ)
(2) (i - क), (ii - ख), (iii - घ), (iv - ग)
(3) (i - ग), (ii - ख), (iii - क), (iv - घ)
(4) (i - ग), (ii - क), (iii - ख), (iv - घ)

82 निम्नलिखित में से कौन–सी विशेषता वर्ग से सम्बन्धित है ?
(1) प्रदत्त प्रस्थिति
(2) सांस्कृतिक प्रतिष्ठा
(3) उत्पादन साधनों पर स्वामित्व
(4) पवित्रता – अपवित्रता

83 निम्न में से किस भारतीय समाजशास्त्री ने परिवार प्रणाली का अध्ययन नहीं किया है ?
(1) के. एम. कापड़िया
(2) आई. पी. देसाई
(3) ए. एम. शाह
(4) एस. सी. दुबे

84 हिन्दू विवाह व्यवस्था में 'जब आभूषणों से सुसज्जित कन्या का दान समारोह पूर्वक उपयुक्त वर को किया जाता है' तो वह विवाह का कौन–सा प्रकार है ?
(1) दैव विवाह
(2) प्रजापत्य विवाह
(3) ब्रह्म विवाह
(4) आर्ष विवाह

85 सांस्कृतिक विलम्बन (कल्चरल लैग) की अवधारणा के साथ किस समाजशास्त्री का नाम सम्बद्ध है ?
(1) डबल्यू. एफ. आगबर्न
(2) टी. डबल्यू. अडोर्नो
(3) डबल्यू. लेविस आर्थर
(4) डबल्यू. जेम्स

adda247

86 'जिस परिवार में हम जन्म लेते हैं' और 'जिस परिवार में हम जन्म देते हैं' उन्हें क्रमशः कहा जाता है :

(1) प्रभव परिवार एवं प्रजनन परिवार
(2) संयुक्त परिवार एवं एकाकी परिवार
(3) मूल परिवार एवं परिधिमूलक परिवार
(4) पितृ स्थानीय परिवार एवं मातृ स्थानीय परिवार

87 एफ. टानीज ने सामाजिक समूह के निम्नलिखित वर्गीकरण में से किस का उल्लेख किया है ?

(1) गैमिन शैफ्ट एवं गैसिल शैफ्ट
(2) लघु समूह एवं वृहद समूह
(3) वास्तविक समूह एवं आभासी समूह
(4) अन्तः समूह एवं वाह्य समूह

88 भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध अधिनियम किस वर्ष में पारित हुआ ?

(1) सन् 2005
(2) सन् 2006
(3) सन् 2004
(4) सन् 2008

89 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता प्राथमिक समूह हेतु आवश्यक नहीं है ?

(1) हम की भावना
(2) आमने सामने के सम्बन्ध
(3) सामाजिक सम्बन्धों का अधिक आयतन
(4) सम्बन्ध साध्य एवं साधन के रूप में

90 निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है ?

(1) ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, संन्यास एवं वान्यप्रस्थ आश्रम
(2) ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वान्यप्रस्थ एवं संन्यास आश्रम
(3) धार्मिक, गृहस्थ, संन्यास एवं वान्यप्रस्थ आश्रम
(4) धार्मिक, गृहस्थ, वान्यप्रस्थ एवं संन्यास आश्रम



adda247

91 जातिवाद में एक जाति समूह दूसरी जाति समूह के साथ 'अन्तः क्रिया' करते समय किस रूप में सक्रिय होते हैं ?

(1) अन्तः समूह व वाह्य समूहों के रूप में

(2) प्राथमिक समूह व द्वैतीयक समूहों के रूप में

(3) अनौपचारिक समूह व औपचारिक समूहों के रूप में

(4) यान्त्रिक एकता एवं सावयवी एकता वाले समूहों के रूप में

92 एक शिक्षक जब पहली बार कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाते समय सफलता–असफलता के भावनात्मक असन्तुलन का अनुभव करता है तो समाजशास्त्र में वह किस अवधारणा का उदाहरण बन जाता है ?

(1) भूमिका संघर्ष

(2) भूमिका तनाव

(3) भूमिका संक्रमण

(4) भूमिका असंगतता

93 निम्नलिखित में से कौन समाज वैज्ञानिक परिवर्तन के चक्रीय सिद्धान्त के साथ सम्बन्धित है ?

(1) कार्ल मार्क्स

(2) विलफ्रैडो पैरेटो

(3) एमील दुरखाइम

(4) टालकट पार्सन्स

94 निम्नलिखित में से कौन 'पावर्टी एण्ड फैमीन्स' का लेखक है ?

(1) गुन्नार मिर्डल

(2) अमृत्य सैन

(3) बीना अग्रवाल

(4) पी. सी. जोशी

95 लोक प्रशासन में 'लोक' शब्द से अभिप्राय है –

(1) जनता से

(2) व्यक्ति से

(3) समुदाय से

(4) सरकार से

96 "लोक प्रशासन एक दोधारी औजार है, जैसे कैंची की दो धारें ।" – लेविस मेरियम उक्त कथन में दो धारें से तात्पर्य है –
(1) पोस्डकॉर्ब संबंधी ज्ञान तथा विषयवस्तु का ज्ञान
(2) राजनीति एवं प्रशासन
(3) प्रशासन एवं प्रबंधन
(4) जनप्रतिनिधि एवं नौकरशाही

97 लोक प्रशासन के विज्ञान में, राबर्ट डाह्ल के अनुसार निम्न में से कौन बाधक नहीं है ?
(1) शासन के आदर्श एवं मूल्य
(2) मानवीय प्रकृति
(3) लोक प्रशासन साहित्य में तुलनात्मक अध्ययनों का अभाव
(4) उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण की प्रवृत्ति

98 नवीन लोक प्रशासन की प्रमुख विशेषता थी ?
(a) प्रासंगिकता
(b) मूल्य
(c) सामाजिक समता
(d) परिवर्तन
(e) राजनीति-प्रशासन द्विभाजन पर बल
(1) (a), (b) एवं (d)
(2) (b), (c) एवं (e)
(3) उक्त सभी
(4) (a), (b), (c) एवं (d)

99 "समन्वय संगठन का प्रथम सिद्धांत है ।" यह कथन है –
(1) लिंडल उर्विक
(2) हैनरी फेयॉल
(3) जेम्स डी. मूने
(4) लूथर गुलिक

100 निम्न में से कौन वैज्ञानिक प्रबंध का अंग नहीं है ?
(1) कार्य की भौतिक दशाओं एवं तकनीक सुधार पर बल ।
(2) उत्पादन वृद्धि पर बल ।
(3) प्रबंधकों एवं श्रमिकों के मध्य सहयोग पर बल ।
(4) भागीदारी प्रबंधन को बढ़ावा देने पर बल ।



adda247

101 निम्न में से कौन-सा प्रयोग एल्टन मेयो द्वारा संचालित हॉथोर्न प्रयोगों में शामिल नहीं था ?

(1) दि फर्स्ट एनक्वायरी

(2) महान प्रकाश प्रयोग

(3) रिले असेम्बली प्रयोग

(4) बैंक वायरिंग प्रयोग

102 मैक्स वेबर के आदर्श प्रकार नौकरशाही की विशेषताओं में शामिल है –

(a) कार्य विभाजन

(b) पदसोपानिक ढ़ाँचा

(c) तटस्थता एवं अनामता

(d) जीवन-वृत्ति सेवा

(e) प्रतिनिधि एवं प्रतिबद्ध लोक सेवक

(1) उपर्युक्त सभी

(2) (b), (d) एवं (e)

(3) (a), (c) एवं (d)

(4) (a), (b), (c) एवं (d)

103 हर्बट साईमन के निर्णयन मॉडल में निम्न में से कौन एक चरण शामिल नहीं है ?

(1) डिजाइन क्रिया

(2) चयन क्रिया

(3) प्रशिक्षण क्रिया

(4) बौद्धिक क्रिया

104 अब्राहम मास्लो द्वारा प्रतिपादित 'मानवीय आवश्यकताओं का पदसोपान' क्रम में सर्वोच्च आवश्यकता है –

(1) शारीरिक

(2) सुरक्षा एवं सामाजिक

(3) अहं (प्रतिष्ठा)

(4) स्व-प्राप्ति

adda247

105 निम्न में से कौन-सा कथन मैकग्रेगर के ''सिद्धांत 'एक्स'' (x)' से मेल नहीं खाता है ?

(1) मनुष्य स्वभाव से आलसी एवं कामचोर होता है ।

(2) व्यक्ति बाह्य नियंत्रण पसंद नहीं करता ।

(3) संगठनात्मक समस्याओं को हल करने की बौद्धिक एवं रचनात्मक क्षमता कुछ ही व्यक्तियों में पायी जाती है ।

(4) व्यक्ति महत्वाकांक्षी नहीं होता है ।

106 'यह एक विशिष्ट मानसिक तथा भावनात्मक स्थिति है जो कार्य के प्रति दृष्टिकोण एवं इच्छाशक्ति को प्रभावित करती है ।' इस कथन में 'यह' से तात्पर्य है –

(1) नेतृत्व

(2) मनोबल

(3) कार्य योजना

(4) प्रशिक्षण

107 बहुदलीय संसदीय शासन प्रणाली के अंतर्गत, राजनीतिज्ञों एवं नौकरशाही के मध्य विश्वासपूर्ण संबंध विकसित होने के लिए आवश्यक होगा ?

(1) उदार नौकरशाही

(2) राजनीतिक नौकरशाही

(3) तटस्थ नौकरशाही

(4) प्रतिबद्ध नौकरशाही

108 सामान्यज्ञों एवं विशेषज्ञों के मध्य विवाह सुलझाने हेतु ब्रिटेन की फुल्टन समिति (1966-68)ने निम्न में से किसे क्रांतिकारी उपाय के रूप में अनुशंसा की थी ?

(1) सामान्यज्ञों एवं विशेषज्ञों हेतु एक संयुक्त पदसोपान गठित करके

(2) सामान्यज्ञों एवं विशेषज्ञों हेतु एकीकृत पद सोपान की रचना करके

(3) सामान्यज्ञों एवं विशेषज्ञों हेतु पृथक पदसोपान की रचना करके

(4) सामान्यज्ञों एवं विशेषज्ञों हेतु एक समानान्तर पदसोपान की रचना करके

109 भारतीय प्रशासन में जनसहभागिता का सर्वाधिक उपयुक्त मंच है –

(1) पंचायत समिति

(2) जिला परिषद

(3) ग्राम पंचायत

(4) ग्राम सभा

adda247

110 कथन : वर्तमान संविधान के अंतर्गत लोकपाल के जाँच के दायरे में प्रधानमंत्री को लाना संसदीय प्रजातंत्र की मूलभूत मान्यताओं का उल्लंघन है ।

कारण : प्रधानमंत्री संसद के प्रति ही जिम्मेदार होता है ।

कूट :

(1) कथन एवं कारण दोनों सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।

(2) कथन एवं कारण दोनों सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(3) कथन गलत है किंतु कारण सही है ।

(4) कथन सही है किंतु कारण गलत है ।

111 भारत में सर्वप्रथम लोकपाल एवं लोकआयुक्त की नियुक्ति का सुझाव किसने दिया था?

(1) प्रशासनिक सुधार आयोग (1966)

(2) गोपालस्वामी आयंगर समिति (1949)

(3) टेकचंद समिति (1949)

(4) बलवंतराय मेहता समिति (1957)

112 किस देश में सर्वप्रथम ओमबुड्समैन संस्था गठित की गयी थी ?

(1) डेनमार्क

(2) स्वीडेन

(3) फिनलैंड

(4) नॉर्वे

113 उपनिषदों को वेदान्त इसलिये कहा जाता है क्योंकि

(1) गुरुओं द्वारा इनकी शिक्षा शिष्यों को दी जाती थी

(2) इनके लेखक का नाम उपनिषद् था

(3) ये वेद के अन्तिम भाग हैं, इनमें गंभीर तात्विक विवेचन हुआ है

(4) इनमें संसार के भोगों एवं ऐश्वर्य के प्रति जागरूकता दिखाई देती है

114 वेद और उपनिषदों में प्रमुख अन्तर है

(1) वेदऋषियों की रचनाएं हैं और उपनिषद औपौरुषेय हैं

(2) वेदों का ज्ञान स्पष्ट है और उपनिषदों का ज्ञान अस्पष्ट है

(3) वेदों में कर्म प्रमुख है उपनिषदों में ज्ञान प्रमुख है

(4) वेद सांसारिक भोगों के प्रति निराशावादी हैं जबकि उपनिषद् आशावादी हैं



adda247

115 वेदों में चर्चित ऋत् का अर्थ नहीं है

(1) नैतिक नियम

(2) जगत की व्यवस्था

(3) प्राकृतिक नियम

(4) ऋषियों द्वारा बनाई गई व्यवस्था

116 "मैं सबसे बड़ा ज्ञानी हूँ क्योंकि मुझे मेरे अज्ञान का ज्ञान है" यह कथन निम्नलिखित में से किस दार्शनिक का है ?

(1) प्लेटो

(2) अरस्तू

(3) सुकरात

(4) सोफिस्ट

117 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सुकरात के मत को व्यक्त करता है ?

(1) ज्ञानी व्यक्ति सद्गुणी हो अनिवार्य नहीं है

(2) सद्गुणी व्यक्ति ज्ञानी हो अनिवार्य नहीं है

(3) जीवन में सफलता के लिये ज्ञानी होना अनिवार्य है

(4) ज्ञान ही सद्गुण है और सद्गुण ही ज्ञान है

118 "मैं सोचता हूँ इसलिये मैं हूँ" यह कथन किसका है ?

(1) स्पिनोजा

(2) काण्ट

(3) देकार्त

(4) प्लेटो

119 सरल प्रतिज्ञप्तियां जो स्पष्ट और स्वयं सिद्ध हों उनको देकार्त के अनुसार निम्नलिखित में से किस विधि द्वारा प्राप्त किया जा सकता है ?

(1) आगमनात्मक विधि से

(2) निगमनात्मक विधि से

(3) भाषा-विश्लेषणात्मक विधि से

(4) वार्तालाप विधि से

adda247

120 मनोवैज्ञानिक सुखवाद के अनुसार

(1) प्रत्येक व्यक्ति को अपने सुख की इच्छा करनी चाहिये

(2) प्रत्येक व्यक्ति सुख प्राप्त करना चाहता है

(3) अधिकतम लोगों का अधिकतम सुख

(4) प्रत्येक व्यक्ति को अन्यों के सुख की कामना करनी चाहिये

121 इनमें से कौन–सा कथन उपयोगितावाद को अभिव्यक्त करता है ?

(1) अधिकतम लोगों का अधिकतम सुख

(2) कुछ विशिष्ट लोगों का अधिकतम सुख

(3) जीवन में उपयोगी वस्तुओं को प्राप्त करने का प्रत्येक का प्रयास

(4) सब लोगों के हित के लिये कार्य करना

122 संकल्प स्वतंत्रता का अर्थ है

(1) स्वच्छन्द होकर अपनी इच्छाओं की पूर्ति करना

(2) जो व्यक्ति कर सकता है वही करना

(3) नैतिक कर्मबोध एवं स्वतः आदेश

(4) जो मन में ठान लिया उसे करके रहना

123 इनमें से कौन–सा विचार काण्ट की नैतिकता की पूर्वमान्यताओं में सम्मिलित नहीं है ?

(1) संकल्प की स्वतंत्रता

(2) आत्मपूर्णता की मांग

(3) आत्मा की अमरता

(4) ईश्वर का अस्तित्व

124 "आँख के बदले आँख और दाँत के बदले दाँत" दण्ड के इस सिद्धांत को कहते है

(1) प्रतिरोधात्मक सिद्धांत

(2) प्रतिकारात्मक सिद्धांत

(3) प्रयोजनवदी सिद्धांत

(4) सुधारात्मक सिद्धांत

adda247

125 अधिकांश दर्शनों के अनुसार परम पुरुषार्थ है

(1) काम

(2) अर्थ

(3) धर्म

(4) मोक्ष

126 गीता के अनुसार निष्काम कर्म का अर्थ है

(1) कामनाओं का अन्त होना

(2) कर्मसंन्यास

(3) फलप्राप्ति की इच्छा रहित होकर कर्म करना

(4) परिणाम को ध्यान में रखकर कार्य करना

127 निम्न में से कौन जैन दर्शन के कषायों में नहीं है ?

(1) लोभ

(2) मोह

(3) क्रोध

(4) त्याग

128 आश्रम धर्म का अर्थ है

(1) गुरु के आश्रम में रहने के नियम

(2) आयु वर्ग के अनुसार कर्तव्यों का पालन करना

(3) घर में रहकर ईश्वर भक्ति करना

(4) सब कुछ छोड़कर आश्रम में जाकर रहना

129 निम्नलिखित में से कौन–सा कथन बुद्ध के चार आर्यसत्यों में सम्मिलित नहीं है ?

(1) दुख की सार्वभौमिकता

(2) दुख के स्वरूप पर निरंतर चर्चा करते रहना

(3) दुख के कारण

(4) दुख के निवारण के उपाय

adda247

130 साध्य और साधन के बारे में गाँधीजी का मत है

(1) साध्य प्राप्ति प्राथमिक है और साधन गौण

(2) साध्य और साधन दोनों शुभ होने चाहिये

(3) जिस साधन से साध्य की प्राप्ति निश्चित हो वही साधन चुनें

(4) शुभ साध्य की प्राप्ति शुभ साधन से हो ही ऐसा अनिवार्य नहीं है

131 'सामाजिक अध्ययन' के सम्बन्ध में सही है

(1) व्यक्तियों व उनके पर्यावरण का अध्ययन 'सामाजिक अध्ययन' है

(2) यह कई सामाजिक विज्ञान विषयों का केवल संग्रह मात्र है

(3) मानवीय अनुभवों का अध्ययन ही 'सामाजिक अध्ययन' है

(4) विभिन्न प्रकार की संस्थाओं के विकास, सभ्यता की उन्नति तथा भविष्य के स्वरूप का ज्ञान ही 'सामाजिक अध्ययन' है

132 'सामाजिक अध्ययन' का प्रयोजन है

(1) व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति करना

(2) शैक्षिक, सामाजिक एवं वैज्ञानिक ज्ञान अर्जित करने की व्यवस्था

(3) सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना

(4) व्यक्तिगत व सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप नागरिकों को वैज्ञानिक ज्ञान व शिक्षा की व्यवस्था करना

adda247

133 'सामाजिक अध्ययन' में 'मनुष्य का साहचर्य' विषय जुड़ा हुआ है

(1) समाजशास्त्र

(2) भूगोल

(3) अर्थशास्त्र

(4) राजनीतिशास्त्र

134 आदर्श समाज की स्थापना में उन परिस्थितियों का विवरण जिनके कारण पिछले समाजों को मिली सफलता या असफलता का अध्ययन, द्योतक है

(1) अर्थशास्त्र व नागरिकशास्त्र के सहसम्बन्ध का

(2) इतिहास एवं नागरिकशास्त्र के सहसम्बन्ध का

(3) अर्थशास्त्र व दर्शनशास्त्र के सहसम्बन्ध का

(4) नागरिकशास्त्र व भूगोल के सहसम्बन्ध का

135 भारत में 'सामाजिक अध्ययन' विषय का प्रतिपादन किया

(1) हर्टोग कमेटी ने

(2) विश्वविद्यालय आयोग ने

(3) मुदालियर आयोग ने

(4) कोठारी आयोग ने

136 निम्नलिखित में से कौन-का कथन कार्यशाला (Workshop) के सम्बन्ध में सही है ?

(1) प्रतिभागियों में विषय की समझ विकसित करनी होती है

(2) प्रतिभागियों को विषय की समझ के आधार पर कार्य करके देना होता है

(3) प्रतिभागियों को अपने विषय पर प्रस्तुतिकरण देना होता है

(4) प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों को वार्ता कर केवल नीति-निर्धारित करनी होती है

137 कक्षा में विद्यार्थियों को वोट देने की सम्पूर्ण प्रक्रिया क्यों व कैसे का योजनानुसार करवाना व लेखा-जोखा रखना, उदाहरण है

(1) समस्या समाधान विधि

(2) प्रायोजना विधि

(3) प्रत्यक्ष-अनुभव विधि

(4) प्रदर्शन विधि

138 समवर्ती घटनाओं एवं विवादास्पद विषयों पर सभी विद्यार्थियों के विचारों को आमंत्रित करते व स्वीकार करते हुए अन्त में परिचर्चा हेतु कक्षा के सामने रखना, कहलाती है

(1) मस्तिष्क उद्वेलन व्यूहरचना

(2) समस्या समाधान विधि

(3) प्रायोजना विधि

(4) व्याख्यान विधि

139 सम्पूर्ण पृथ्वी या उसके किसी भाग का समतल धरातल पर बनाया गया, पैमाने पर आधारित, रूढ़िगत चित्र को कहा जाता है

(1) मानचित्र

(2) विषयगत मानचित्र

(3) ऐतिहासिक मानचित्र

(4) कथा-परक मानचित्र



adda247

140 'नगर–निगम की बैठक' को कक्षा में विद्यार्थियों से करवाना है

(1) थियेटर इन एजूकेशन

(2) श्रव्य–दृश्य साधनों का प्रयोग

(3) पाठ्य–वस्तु का नाटकीकरण

(4) अनुभवों का शंकु

141 'उत्पादन के साधन' विषय के शिक्षण के लिये विद्यार्थियों को किसी कारखाने में ले जाकर निरीक्षण, अवलोकन व अनुभव करवाना, कहा जाता है

(1) क्षेत्र कार्य

(2) प्रदर्शन

(3) शैक्षिक भ्रमण

(4) आयोजन

142 ईश्वर व जगत् में एकता के सिद्धान्त का प्रतिपादन करता है

(1) एकानेश्वरवाद

(2) एकेश्वरवाद

(3) बहुदेववाद

(4) सर्वेश्वरवाद

143 निम्न में से किस का प्रतिरूप नहीं बनाया जा सकता ?

(1) ऐतिहासिक स्थापत्य कला

(2) वंशक्रम

(3) मूर्तियाँ

(4) देवी–देवता

adda247

144 राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा – 2005 में 'सामाजिक अध्ययन' में निम्न में से किन मुद्दों को शामिल करने की अनुशंसा की गई है ?

(1) लैंगिक (केवल) मुद्दों की

(2) केवल किशोरों के मुद्दों की

(3) लैंगिक व किशोरों – दोनों मुद्दों की

(4) सभी स्तरों के विद्यार्थियों के लैंगिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों की

145 प्रस्तावना, प्रस्तुतिकरण, तुलना और सम्बन्ध, सामान्यीकरण और प्रयोग सोपान हैं

(1) ब्लूम उपागम

(2) हरबर्ट उपागम

(3) मौरीसन उपागम

(4) ग्लोबरियन उपागम

146 निम्न में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(1) पाठ योजना किसी इकाई योजना की सबसे छोटी इकाई है

(2) इकाई योजना में सभी अधिगम क्रियाओं का अनुक्रम दिया जाता है

(3) इकाई योजना में शैक्षिक उद्देश्य, अधिगम अनुभव व व्यवहार परिवर्तन के मूल्यांकन पर बल दिया जाता है

(4) पाठ–योजना में विचार नहीं करना पड़ता यदि इकाई योजना में विचार कर लिया गया है

147 प्राक्कथन, उद्देश्य, विषयवस्तु अध्यापक के लिये संकेत व मूल्यांकन घटक हैं

(1) दैनिक एवं इकाई योजना

(2) दैनिक पाठ योजना

(3) इकाई योजना

(4) वार्षिक योजना

148 'संचयी आलेख' के बारे में निम्न में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(1) यह विद्यार्थियों की रुचियों, मूल्यों एवं क्षमताओं को जानने में सहायक है

(2) इसमें विद्यार्थी को उसके सन्दर्भ में न कि समूह के विकास के सन्दर्भ में देखा जा सकता है

(3) यह अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पश्चपोषण प्रदान करता है

(4) इसमें बालक के व्यवहार से सम्बन्धित घटनाओं का विस्तृत वर्णन होता है

149 भारत के संविधान की क्या विशेषताएँ हैं ? यह प्रश्न है

(1) ज्ञानपरक

(2) बोधपरक

(3) अनुप्रयोगपरक

(4) विश्लेषणात्मक

150 'सामाजिक अध्ययन' में मूल्यांकन का प्रमुख प्रयोजन है

(1) कक्षा–परीक्षण में सुधार करना

(2) विद्यार्थियों के कार्य–निष्पादन को प्रमाणित करना

(3) कक्षा–शिक्षण में सुधार व कार्य–निष्पादन को प्रमाणित करना

(4) परीक्षा–पद्धति व पाठ्यक्रम में सुधार करना



adda247

adda247